# UP Board Class 7 Social Science Important Questions Geography Chapter 8 प्राकृतिक प्रदेश एवं जनजीवन : विषुवतरेखीय प्रदेश

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
ऐनाकोंडा साँप कहाँ पाया जाता है?
उत्तर:
ऐनाकोंडा साँप उष्णकटिबंधीय वर्षा वन में पाया जाता है।

प्रश्न 2.
प्राकृतिक वनस्पतियों के प्रकार में बदलाव का मुख्य कारण क्या है?
उत्तर:
प्राकृतिक वनस्पतियों के प्रकार में बदलाव का मुख्य कारण जलवायु का बदलाव है।

प्रश्न 3.
उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन में प्रायः किस प्रकार के वृक्ष पाए जाते हैं?
उत्तर:
उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन में रोजवुड, आबनूस, महोगनी आदि वृक्ष पाए जाते हैं।

प्रश्न 4.
उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन में प्रायः कौनसे जानवर पाए जाते हैं?
उत्तर:
उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन में बाघ, शेर, हाथी, गोल्डन लंगूर तथा बंदर आदि जानवर पाए जाते हैं।

प्रश्न 5.
उच्च अक्षांश की ओर बढ़ने पर कैसे वन मिलते हैं?
उत्तर:
उच्च अक्षांश की ओर बढ़ने पर अधिक शीतोष्ण पर्णपाती वन पाए जाते हैं।

प्रश्न 6.
शुष्क क्षेत्रों में किस प्रकार की वनस्पति उगती है?
उत्तर:
काँटेदार झाड़ एवं झाड़ियाँ।

प्रश्न 7.
शंकुधारी वनों में पाए जाने वाले किन्हीं तीन वन्य जीवों के नाम लिखिए।
उत्तर:

- रजत लोमड़ी

- ध्रुवीय भालू
- मिंक।

प्रश्न 8.
उष्णकटिबंधीय घास स्थलों में पाए जाने वाले किन्हीं चार वन्य जीवों के नाम लिखिए।
उत्तर:

- हाथी
- जेबरा
- जिराफ
- तेंदुआ।

प्रश्न 9.
टुंड्रा क्षेत्रों में किस प्रकार की वनस्पति पाई जाती है?
उत्तर:
टुंड्रा क्षेत्रों में काई, लाइकेन तथा छोटी झाड़ियाँ वनस्पति पाई जाती हैं।

प्रश्न 10.
उष्णकटिबंधीय घास स्थलों के नाम उनके देशों के साथ लिखिए।
उत्तर:

- सवाना (पूर्वी अफ्रीका)
- लानोस (वेनेजुएला)
- कंपोस (ब्राजील)।

प्रश्न 11.
किन्हीं चार शीतोष्ण कटिबंधीय घास स्थलों के नाम लिखिए।
उत्तर:

- पैंपास (अर्जेंटीना),
- प्रेअरी (उत्तरी अमेरिका)
- स्टेपी (मध्य एशिया)
- वेल्ड (दक्षिण अफ्रीका)।

लघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
प्राकृतिक वनस्पतियों को कितनी श्रेणियों में वर्गीकत किया जाता है?
उत्तर:
साधारणतया प्राकृतिक वनस्पतियों को निम्नलिखित तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है-

- वन-ये वृक्षों के लिए उपयुक्त तापमान एवं परिपूर्ण वर्षा वाले क्षेत्रों में उगते हैं। इन कारकों के आधार पर सघन एवं खुले वन विकसित होते हैं।

https://www.evidyarthi.in/

- घास स्थल-ये मध्यम वर्षा वाले क्षेत्रों में विकसित होते हैं।
- काँटेदार झाड़ियाँ-काँटेदार झाड़ एवं झाड़ियाँ केवल शुष्क क्षेत्रों में पैदा होते हैं।

प्रश्न 2.
उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन की विशेषताएँ बताइए।
उत्तर:

- उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन घने वन होते हैं। काफी घने वृक्षों की मोटी वितान के कारण दिन के समय भी सूर्य का प्रकाश वन के अन्दर नहीं पहुंच पाता है।
- ये वन भूमध्य रेखा एवं उष्णकटिबंध के पास पाए जाते हैं। ये क्षेत्र गर्म होते हैं एवं पूरे वर्ष अत्यधिक वर्षा होती है।
- यहाँ का मौसम कभी शुष्क नहीं होता। यहाँ के पेडों की पत्तियाँ पूरी तरह नहीं झड़तीं। इसलिए इन्हें सदाबहार कहते हैं।
- आमतौर पर यहाँ दृढ़ काष्ठ वृक्ष जैसे रोजवुड, आबनूस, महोगनी आदि पाए जाते हैं।

प्रश्न 3.
उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन की विशेषताएँ लिखिए।
उत्तर:
उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन की विशेषताएँ-

- ये वन मानसूनी वन होते हैं जो भारत, उत्तरी आस्ट्रेलिया एवं मध्य अमेरिका के बड़े हिस्सों में पाए जाते हैं।
- इन क्षेत्रों में मौसमी परिवर्तन होते हैं तथा जल संरक्षित रखने के लिए शुष्क मौसम में यहाँ के वृक्ष पत्तियाँ झाड़ देते हैं।
- इन वनों में पाए जाने वाले दृढ़ काष्ठ वृक्षों में साल, सागवान, नीम तथा शीशम हैं।
- इन प्रदेशों में बाघ, शेर, हाथी, गोल्डन लंगूर एवं बंदर आदि जानवर पाए जाते हैं।

प्रश्न 4.
शीतोष्ण सदाबहार वन कहाँ पाए जाते हैं? इनमें कौनसे दृढ़ वृक्ष पाए जाते हैं?
उत्तर:

- शीतोष्ण सदाबहार वन मध्य अक्षांश के तटीय प्रदेशों में स्थित हैं। ये सामान्यतः महाद्वीपों के पूर्वी किनारों पर जैसे दक्षिण-पूर्व अमेरिका, दक्षिण चीन एवं दक्षिणीपूर्वी ब्राजील, में पाए जाते हैं।
- यहाँ बांस, चीड़ एवं यूकेलिप्टस जैसे दृढ़ एवं मुलायम दोनों प्रकार के पेड़ पाए जाते हैं।

प्रश्न 5.
शंकुधारी वन कहाँ पाए जाते हैं यहाँ पाए जाने वाले प्रमुख वृक्षों तथा जानवरों का
उल्लेख कीजिए।
उत्तर:

- वन्य प्रदेश-उत्तरी गोलार्द्ध के उच्च अक्षांशों में शंकुधारी वन पाए जाते हैं। इन्हें 'टैगा' भी कहते हैं। ये वन अधिक ऊँचाइयों पर भी पाए जाते हैं।

- प्रमुख वृक्ष-इन वनों में चीड़ व देवदार के मुख्य पेड़ पाए जाते हैं, जो लंबे, नरम काष्ठ वाले सदाबहार वृक्ष होते हैं।
- प्रमुख जानवर-यहाँ सामान्यतः रजत लोमड़ी, मिंक, ध्रुवीय भालू जैसे जानवर पाए जाते हैं।

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
अमेजन नदी किस प्रदेश से होकर बहती है?
उत्तर:
भूमध्यरेखीय प्रदेश से।

प्रश्न 2.
नदी का मुहाना किसे कहते हैं?
उत्तर:
जिस स्थान पर कोई नदी किसी अन्य जलराशि में मिलती है, उसे नदी का मुहाना कहते हैं।

प्रश्न 3.
अमेजन नदी बेसिन कहाँ-कहाँ से अपवाहित होती है?
उत्तर:
अमेजन नदी-बेसिन ब्राजील के भागों, पेरू के कुछ भागों, बोलीविया, इक्काडोर, कोलंबिया तथा वेनेजुएला के छोटे भाग से अपवाहित होती है।

प्रश्न 4.
विश्व का सबसे बड़ा नदी बेसिन कौनसा है?
उत्तर:
अमेजन नदी बेसिन विश्व का सबसे बड़ा नदी बेसिन है।

प्रश्न 5.
बेसिन से क्या आशय है?
उत्तर:
मुख्य नदी अपनी सहायक नदियों के साथ जिस क्षेत्र के पानी को बहाकर ले जाती है, वह उसका बेसिन कहा जाता है।

प्रश्न 6.
अमेजन बेसिन की जलवायु कैसी है?
उत्तर:
अमेजन बेसिन में पूरे वर्ष गर्म एवं नम जलवायु रहती है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 7.
अमेजन वर्षा वन में कौनसी वनस्पति ही पनप सकती है?
उत्तर:
अमेजन वर्षा वन में केवल वही वनस्पति पनप सकती है जिसमें छाया में बढ़ने की क्षमता हो।

प्रश्न 8.
ब्रोमिलायड क्या है?
उत्तर:
ब्रोमिलायड एक विशेष प्रकार का परजीवी पौधा है जो पत्तियों में जल को संचित रखता है। मेंढक इस जल के पॉकेट का उपयोग अंडा देने के लिए करते हैं।

प्रश्न 9.
कर्तन एवं दहन पद्धति क्या है?
उत्तर:
कर्तन एवं दहन की पद्धति में किसान पहले वृक्षों एवं झाड़ियों को काटकर भूमि साफ करते हैं, फिर उनको जलाया जाता है।

प्रश्न 10.
किस कारण वर्तमान में वर्षावन के सभी भागों में पहुँचना संभव हो गया है?
उत्तर:
1970 में ट्रांस अमेजन महामार्ग बनने से वर्षावन के सभी भागों में पहुँचना संभव हो गया है।

प्रश्न 11.
गंगा की पाँच सहायक नदियों के नाम लिखिए।
उत्तर:
गंगा की पाँच सहायक नदियाँ हैं-घाघरा, सोन, चंबल, गंडक और कोसी।

प्रश्न 12.
गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन की मुख्य विशेषताएँ लिखिये।
उत्तर:
गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन की मुख्य विशेषताएँ हैं-मैदान, पर्वत एवं हिमालय के गिरिपाद तथा सुन्दरवन डेल्टा।

प्रश्न 13.
गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन की जलवायु कैसी है?
उत्तर:
गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन की जलवायु मानसूनी है। यहाँ वर्षा ऋतु (जून से सितम्बर के बीच) में वर्षा, ग्रीष्म ऋतु (मार्च से जून) में गर्मी तथा शीत ऋतु (अक्टूबर से फरवरी) में सर्दी पड़ती है।

प्रश्न 14.
गंगा-ब्रह्मपुत्र मैदान की मुख्य फसलें क्या हैं?
उत्तर:
यहाँ की मुख्य फसलें धान, गेहूं, मक्का, ज्वार, चना, बाजरा, गन्ना तथा जूट हैं। मैदान के कुछ क्षेत्रों में केले के बागान हैं।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 15.
चाय के बागान कहाँ मिलते हैं?
उत्तर:
पश्चिम बंगाल एवं असम में चाय के बागान मिलते हैं।

प्रश्न 16.
मंद ढलान वाले पर्वतों एवं पहाड़ियों पर वेदिकाओं का निर्माण क्यों किया जाता है?
उत्तर:
वेदिकाओं का निर्माण खड़ी ढलानों पर समतल सतह बनाकर कृषि करने के लिए होता है, ताकि जल का प्रवाह तीव्रता से न हो।

प्रश्न 17.
गंगा-ब्रह्मपुत्र नदी के जल में सुसु. (अंधी डॉल्फिन) की उपस्थिति से किस बात का पता चलता है?
उत्तर:
गंगा-ब्रह्मपुत्र नदी के जल में सुसु की उपस्थिति से जल की शुद्धता का पता चलता है।

प्रश्न 18.
गंगा नदी के संरक्षण के लिए कौनसा कार्यक्रम शुरू किया गया है?
उत्तर:
गंगा नदी के संरक्षण के लिए 'नमामि गंगे' कार्यक्रम को शुरू किया गया है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
अमेजन बेसिन की जलवायु की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।
उत्तर:
अमेजन बेसिन की जलवायु की विशेषताएँ-

- अमेजन बेसिन क्षेत्र में पूरे वर्ष गर्म एवं नम जलवायु रहती है।
- यहाँ का मौसम दिन व रात दोनों ही समय लगभग समान रूप से गर्म एवं आर्द्र होता है। दिन का तापमान उच्च एवं आर्द्रता अति उच्च होती है। रात के समय तापमान कम हो जाता है लेकिन आर्द्रता वैसी ही बनी रहती है।
- शरीर में चिपचिपाहट महसूस होती है।
- इस प्रदेश में लगभग प्रतिदिन वर्षा होती है।

प्रश्न 2.
'जीवों की विविधता की दृष्टि से अमेजन बेसिन असाधारण रूप से समृद्ध है।' स्पष्ट
कीजिए।
उत्तर:
अमेजन बेसिन के वर्षावन में प्राणिजगत की प्रचुरता है। यथा-

- पक्षी-यहाँ टूकन, गुंजन पक्षी, रंगीन पक्षति वाले पक्षी एवं भोजन के लिए बड़ी चोंच वाले विभिन्न प्रकार के पक्षी पाए जाते हैं।

- प्राणी-प्राणियों में बंदर, स्लॉथ एवं चींटी खाने वाले टेपीर भी यहाँ पाए जाते हैं।
- साँप एवं सरीसृप-साँप एवं सरीसृप की विभिन्न प्रजातियाँ भी इन वनों में पाई जाती हैं।
- कीड़े-मकोड़े-हजारों कीड़े-मकोड़े भी इस बेसिन में निवास करते हैं।
- मछलियाँ-मांस खाने वाली पिरान्या मत्स्य समेत मछलियों की विभिन्न प्रजातियाँ भी अमेजन नदी में पाई जाती हैं।

प्रश्न 3.
अमेजन बेसिन के वर्षावन की वनस्पतिक विशेषताएँ लिखिए।
उत्तर:
अमेजन बेसिन के वर्षावन की वनस्पतिक विशेषताएँ-

- यहाँ की भूमि परं सघन वन उग जाते हैं। वन इतने सघन होतें हैं कि पत्तियों तथा शाखाओं से 'छत' सी बन जाती है जिसके कारण सूर्य का प्रकाश धरातल तक नहीं पहुंच पाता है।
- यहाँ भूमि प्रकाश रहित तथा नम बनी रहती है तथा केवल वही वनस्पति पनप सकती है जिसमें छाया में बढ़ने की संभावना हो।
- परजीवी पौधों के रूप में यहाँ आर्किड एवं ब्रोमिलायड पैदा होते हैं।

प्रश्न 4.
कर्तन एवं दहन कृषि पद्धति की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
उत्तर:
कर्तन एवं दहन कृषि पद्धति की विशेषताएँ-

- कर्तन एवं दहन कृषि पद्धति में किसान पहले वृक्षों की झाड़ियों को काटकर भूमि साफ करते हैं।
- इसके बाद इनको जलाया जाता है जिससे पोषक तत्त्व मिट्टी में मिल जाते हैं। इस साफ भूमि पर कुछ वर्षों तक फसल पैदा की जाती है।
- जमीन के इस टुकड़े पर बार-बार प्रयोग से मिट्टी में पोषक तत्त्वों का अभाव हो जाता है। इसलिए इस टुकड़े को छोड़कर किसी दूसरे स्थान को साफ कर खेती की जाती है।
- इस बीच पुराने खेतों में छोटे-छोटे वृक्ष उग आते हैं। इस प्रकार मिट्टी पुनः उपजाऊ बन जाती है। तब पुनः इस टुकड़े पर भी खेती की जाती है।

प्रश्न 5.
गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों का उल्लेख कीजिए।
उत्तर:
गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन की प्रमुख फसलें-

- प्रचुर मात्रा में वर्षा होने के कारण धान यहाँ की मुख्य फसल है।
- गेहूँ, ज्वार, मक्का, चना, बाजरा यहाँ की अन्य फसलें हैं।
- गन्ना एवं जूट यहाँ उगाई जाने वाली प्रमुख नकदी फसलें हैं।
- मैदान के कुछ क्षेत्रों में केले के बागान तथा असम और पश्चिमी बंगाल में चाय के बागान मिलते हैं।
- बिहार एवं असम के कुछ भागों में सिल्क के कीड़ों का 'संवर्द्धन कर सिल्क का उत्पादन किया जाता है।

https://www.evidyarthi.in/